प्रो. राम मेघे कॉलेज में महारक्तदान शिविर



अमरावती : महारक्तदा शिविर में रक्तदान के लिए सहभागी विद्यार्थी.

400 बोतल रक्त संकलित

प्रतिनिधि, 11 फरवरी

अमरावती- विदर्भ यूथ वेलफेअर सोसाइटी द्वारा संचालित प्रो. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व रिसर्च में शनिवार 9 फरवरी को सुबह में आयोजित महारक्तदान शिविर में 400 बोतल रक्त संकलित हुआ. महारक्तदान शिविर में छात्रों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया. इसमें स्वेच्छा से बड़े पैमाने पर रक्तदान किया. इस समय बतौर उद्घाटक पुलिस उपमहानिरिक्षक श्रीकांत तरवड़े ने छात्रों का अभिनंदन किया. उन्होंने बताया कि विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित प्रो. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व रिसर्च में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत हर वर्ष मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है. इसी तर्ज पर शनिवार 9 फरवरी को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस समय पुलिस उपमहानिरीक्षक श्रीकांत तरवड़े के हाथों रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया. शिविर में बड़े पैमाने पर छात्रों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसके चलते 400 बोतल रक्त संकलित हुआ है. इस अवसर पर जिला शल्य चिकित्सक डॉ. श्यामसुंदर निकम, संस्था कोषाध्यक्ष पंकज देशमुख, युवराजसिंह चौधरी, प्राचार्य डॉ. अमोल बोड़खे, डॉ. राजेश बुरंगे, रासेयो विवि समन्वयक प्रा. आशीष भोपले, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुलकर्णी, डॉ. डी.एस. इंगोले, डॉ. गजेंद्र बमनोटे, डॉ. प्रशांत इंगोले, डॉ. पचगाड़े, डॉ. तुषार देशमुख, डॉ. चंद्रशेखर, प्रा. रुपाली शेरेकर, प्रा. आशीष देशमुख, प्रा. वी.वी. काले आदि उपस्थित थे. सफलतार्थ प्रा. डॉ. स्वाती बमनोटे, प्रा. विजय काले, प्रा. प्रदीप इंगोले, प्रा. मयूर तिवारी, प्रा. स्वप्निल बंड, प्रा. प्रीति दुधे, शशांक देशपांडे, प्रा. विंचुरकर, प्रा. राज देशमुख, प्रा. परोपते व छात्रों ने परिश्रम लिया.

Central Library, PRMIT&R Badnera-Amravati